

### जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी बिल पर दी जानकारी

# वीबी जी राम जी ग्रामीण रोजगार को सशक्त बनाने में निर्णायक कदम : श्री सिंह




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 7 जनवरी . जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने जिला भाजपा कार्यालय में विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी बिल पर पत्रकारों से चर्चा की। प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की दिशा में ग्रामीण रोजगार का नया भरोसेमंद मॉडल बना है, जो की रोजगार की गारंटी देते हुए भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आज तक महात्मा गांधी के नाम का उपयोग केवल वोट के लिए किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की जो प्रिय था कांग्रेस ने हमेशा उससे परहेज किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को स्वच्छता प्रिय रही लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया तब सबसे ज्यादा विरोध कांग्रेस ने की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को लेकर कांग्रेस ने तरह तरह की बात की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी भ्रष्टाचार मुक्त भारत चाहते थे लेकिन जब भ्रष्टाचार मुक्त भारत का अभियान प्रारंभ हुआ तब सबसे ज्यादा विरोध कांग्रेस ने की। विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी बिल पर चर्चा करते हुए प्रभारी मंत्री राजेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने रोजगार की गारंटी वाला बिल लाई है जिसमें रोजगार की गारंटी दी गई है।

## 125 दिन रोजगार की गारंटी

उन्होंने कहा कि मनरेगा में 100 दिन के रोजगार की बात थी लेकिन नए बिल में 125 दिन के रोजगार की गारंटी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस योजना को लेकर झूठ बोलने का भ्रम फैलाकर किसान और गरीब मजदूर तथा जनता को गुमराह कर रही है, जबकि यह योजना से मजदूर और किसानों को अधिक लाभ मिलेगा यह लाभकारी योजना है। प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वीबी जी राम जी ग्रामीण रोजगार को सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। जहां 125 दिन की कानूनी रोजगार गारंटी, साप्ताहिक मजदूरी भुगतान, खेती के मौसम में 60 दिनों का समुचित ब्रेक और बायोमेट्रिक व एआई आधारित निगरानी के माध्यम से पारदर्शिता और भरोसे को नई मजबूती मिली है।

## ग्रामीण रोजगार नीति की पुनर्परिभाषा

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ योजना नहीं, करोड़ों ग्रामीण परिवारों के जीवन में स्थिरता और सम्मान का संकल्प है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि मनरेगा में जो काम मशीनों से ही संभव था लेकिन फिर भी मशीनों से काम नहीं किया जा सकता था अब विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी में जहां आवश्यक है वहां मशीनों का उपयोग किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि वीबी जी राम जी अधिनियम, 2025, केवल एक पूर्व योजना का प्रतिस्थापन मात्र नहीं है, बल्कि भारत में ग्रामीण रोजगार नीति की पुनर्परिभाषा है। पारदर्शिता, विकास, नियोजन, वित्तीय उत्तरदायित्व और किसान संवेदनशीलता को कानून में समाहित करके, यह सार्वजनिक रोजगार कायक्रमों में विकास बहाल करता है और ग्रामीण भारत को 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर एक सक्रिय भागीदार के रूप में स्थापित करता है।

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### मामूली बात पर हुए विवाद में लाठी से युवक के साथ की थी मारपीट




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 7 जनवरी . थाना अमरवाड़ा के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बाराहीरा मामूली बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने ग्राम के एक अन्य युवक की लाठी से पिटाई कर दिया था. गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत होने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है.**

अमरवाड़ा थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे ने बताया कि 1 जनवारी की रात को ग्राम के रंगमंच के पा आरोपी श्रीदयाल पिता सुखराम यादव ने ग्राम में रहने वाले संतोष पिता मंगलू पवार से विवाद होने पर संतोष की लाठी से जमकर पिटाई कर दी थी जिससे संतोष पवार गंभीर रूप से घायल हो गया था. घायल संतोष पवार को परिजनों ने उपचार के लिए अमरवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था. जिला अस्पताल में उपचार के दौरान 5 जनवारी को संतोष पवार की मौत हो गई. उक्त घटना के बाद से आरोपी श्रीदयाल फरार हो गया था. संतोष पवार की मौत होने पर पुलिस ने आरोपी श्रीदयाल यादव के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई थी. पुलिस ने आरोपी की पताशाजी कर आरोपी श्रीदयाल यादव को उसके रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार कर लिया. पुलिस की पूछताछ में आरोपी श्रीदयाल यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक संतोष पवार ने उसकी पत्नी से करीब 02 वर्ष पूर्व छेड़खानी किया था. 1 जनवारी को भी मृतक संतोष पवार ने उसके साथ शराब के नशे मे गाली गलौच कर रहा था जिस कारण से आरोपी श्रीदयाल यादव ने मृतक संतोष पवार को पास में पड़ी लाठी से सिर में, सीने में, चेहरे पर मारा जिससे मृतक को गंभीर चोट लगी और मृतक वही बेहोश होकर गिर गया और आरोपी श्रीदयाल यादव वहां से भागकर घर आ गया. आरोपी के द्वारा पूछताछ में बताये अनुसार आरोपी को घटना स्थल ले जाकर घटना में प्रयुक्त लाठी एवं घटना के समय पहने हुए कपड़े पुलिस ने जप्त किया कर लिया है.

पुलिस ने आरोपी श्रीदयाल यादव के खिलाफ अपराध क्रमांक 04/26 धारा-296 बी, 115(2), 118 (1) ईजाफा धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत प्रकरण दर्ज किया है. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अमरवाड़ा निरीक्षक राजेन्द्र धुर्वे, उप निरी विजेन्द्र मार्को, उपनिरीक्षक राघवेन्द्र उपाध्याय, सउनि पवन यादव, प्र.आर. रामगणेश तिवारी, आर. करण रघुवंशी, आर. जगमोहन, आर. संदीप, आर. ललित, आर. अभिषेक की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# श्रीमती मीनाक्षी का ऑल इंडिया सिविल सर्विस टेबल टेनिस चैंपियनशिप में चौथी बार हुआ चयन

**▶ जिले की शिक्षिका चंडीगढ़ में मध्यप्रदेश महिला टीम का करेंगी प्रतिनिधित्व**



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 7 जनवरी . जिले के शासकीय हाई स्कूल माल्हनवाड़ा में पदस्थ माध्यमिक शिक्षिका श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन और निरंतर मेहनत के बल पर उन्होंने ऑल इंडिया सिविल सर्विस टेबल टेनिस चैंपियनशिप में लगातार चौथी बार मध्यप्रदेश टीम में प्रथम वरीयता के साथ स्थान प्राप्त किया है।**

समस्त शासकीय विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के लिए चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में वे महिला टीम की कप्तान के रूप में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए छिंदवाड़ा जिले की प्रतिभा और समर्पण की पहचान राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करेंगी। ऑल इंडिया सिविल सर्विस टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन चंडीगढ़ में 12 से 16 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मध्यप्रदेश टीम के चयन के लिए भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में 3 एवं 4 जनवरी 2026 को राज्य स्तरीय ट्रायल आयोजित किए गए थे। इन ट्रायल्स में श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास का चयन लगातार चौथी बार किया गया, जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता और अनुशासन का प्रमाण है। जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल ने जानकारी दी है कि श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास जबलपुर संभाग की एकमात्र महिला खिलाड़ी हैं, जिनका सिविल सर्विस टेबल टेनिस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। वर्तमान में वे मध्यप्रदेश में 40 प्लस आयु वर्ग में प्रथम वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। राज्य स्तर पर भी श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। ग्वालियर में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में उन्होंने ट्रिपल क्राउन (तीन स्वर्ण पदक) हासिल कर स्टेट चैंपियन का खिताब अपने नाम किया है। इसके अतिरिक्त छिंदवाड़ा सांसद खेल महोत्सव में 19 प्लस सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

# सड़क के पास रखी अवैध गुमठियों को हटाया

### नगर निगम अमले द्वारा शहर के अलग-अलग स्थानों से हटाया गया अतिक्रमण



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 7 जनवरी . नगर निगम अमला पिछले कुछ दिनों से लगातार शहर भर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है आज भी नगर निगम अमले ने सड़क के पास रखी अवैध गुमठियों को हटवाया.**

बता दे कि नगर निगम आयुक्त सी.पी.राय के निर्देशानुसार नगर निगम अमले द्वारा शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में आज योजना कार्यालय के पास स्थित अवैध गुमठी को हटाया गया, साथ ही विद्या निकेतन स्कूल के गेट के सामने अतिक्रमण कर लगाए गए कपड़े एवं फल विक्रेताओं को हटाया गया तथा संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में दोबारा दुकान न लगाने की हिदायत दी गई. विद्या भूमि स्कूल जाने वाले मार्ग पर आठ मकान मालिकों द्वारा सड़क की ओर किए गए अतिक्रमण को हटाकर लगभग सात सौ वर्गफुट शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया. नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि आगे भी अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी। नागरिकों से अपील है कि वे सार्वजनिक मार्गों एवं शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न करें.

## गरीबदास जी महाराज के देवलोक गमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने शोक व्यक्त किया

**छिंदवाड़ा।** परम पूज्य 1008 गरीबदास जी महाराज चौरागढ महादेव मंदिर वाले के देवलोक गमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि गुरुदेव गरीबदास जी महाराज का देवलोक गमन संपूर्ण समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव का आशीर्वाद हमेशा सभी के ऊपर बना रहे।

## गरीबदास जी महाराज का देवलोक गमन पर कमलनाथ व नकुलनाथ ने गहन दुख व्यक्त किया

**छिंदवाड़ा.** सिद्ध चौरागढ़ महादेव मंदिर के महंत श्री श्री 1008 गरीबदास जी महाराज के देवलोक गमन पर मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने गहन दुख व्यक्त किया है। अपनी शोक संवेदनाएं प्रगट की। कमलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि महंत गरीबदास जी महाराज के देवलोक गमन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। सर्व महंत समाज व सर्वसमाज के लिए महाराज जी का देवलोक गमन अपूरणीय क्षति है। मुझे समय-समय पर महाराज जी की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। उनका स्नेह व मार्गदर्शन हमेशा प्राप्त हुआ। उनका देवलोक गमन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। नकुलनाथ ने गहन दुख व्यक्त करते हुए कहा कि सिद्ध व प्रसिद्ध चौरागढ़ महादेव मंदिर के महंत श्रीश्री 1008 गरीबदास जी महाराज का देवलोक गमन दुखद है। समाज में धर्म की ध्वजा लहराने, शिष्यों पर स्नेह व आशीर्वाद बरसाते हुए देह त्यागने वाले महाराज जी ने समाज को भक्ति व धर्म का मार्ग दिखाया। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे उनका सानिध्य व शुभाशीष प्राप्त हुआ। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को श्री चरणों में स्थान दें साथ ही समस्त भक्तों को यह दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

# चालान नहीं, हेलमेट देकर दिया सुरक्षा का संदेश



**▶ चौरई पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति लोगों को किया जागरूक**

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 7 जनवरी . चौरई पुलिस ने लोगों को जागरूक करने के लिए एक पहल शुरू की है. जिसमें पुलिस ने लोगों का चालान नही काटा बल्कि वाहन चालकों को हेलमेट देकर उन्हें सुरक्षित रहने की सलाह दी और यातयात नियमों के प्रति उन्हें जागरूक किया. बता दे कि यह अभियान एसडीओपी चौरई भारती जाट के निर्देशन एवं थाना प्रभारी मोहन मर्सकोले के मार्गदर्शन में चलाया गया.**

अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे दोपहिया चालकों को न केवल यातायात नियमों की जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें हेलमेट देकर सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया. पुलिस के द्वारा किए जा रहे प्रयास को लोग काफी पसंद कर रहे है, लोगों का कहना है कि हमेशा देखा गया है कि पुलिस की कार्रवाई सिर्फ चालान काटने तक होती है लेकिन चौरई पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान से लोगों को सुरक्षित रहने के लिए हेलमेट मिल रहा है.

जिससे लोगों में पुलिस के प्रति नजरिया भी बदल रहा है. इस अभियान के दौरान स.उ.नि.नितेश ठाकुर, स.उ.नि. हिरेशी नागेश्वर, आर. सूर्योदय बघेल ,सैनिक दिलीप चौबे सहित चौरई पुलिस का स्टाफ मौजूद रहा.

## कलेक्टर ने छिंदवाड़ा और ग्रामीण तहसील न्यायालयों का किया निरीक्षण

**छिंदवाड़ा.** कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा आज छिंदवाड़ा नगर एवं छिंदवाड़ा ग्रामीण तहसील के न्यायालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पूर्व में निराकृत किए गए राजस्व प्रकरणों में पारित आदेशों की गुणवत्ता देखी गई। साथ ही पारित आदेशों का अमल राजस्व अभिलेखों में तत्काल किए जाने तथा अद्यतन राजस्व रिकॉर्ड की प्रति प्रकरण में संलग्न न होने की स्थिति पर सभी राजस्व अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया गया। कलेक्टर श्री नारायन द्वारा निर्देश दिए गए कि भविष्य में किसी भी प्रकरण के निराकरण के उपरांत राजस्व अभिलेख की अद्यतन प्रति अनिवार्य रूप से प्रकरण के साथ संलग्न की जाए। निरीक्षण के दौरान विचाराधीन प्रकरणों का भी परीक्षण किया गया। राजस्व अभिलेखों के शुद्धीकरण के लिये प्राप्त आवेदनों की विषय-वस्तु का अवलोकन करते हुए यह निर्देश दिए गए कि अभिलेख दुरुस्ती के स्थान पर केवल जांच प्रतिवेदन लिखने की प्रवृत्ति न अपनाई जाए, बल्कि अभिलेख दुरुस्ती के लिये आवश्यक जांच कर विधिवत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।

### जिले के सभी विकासखंडों के प्राचार्यो और बीईओ की बैठक की गई आयोजित

# शत प्रतिशत हो शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 7 जनवरी .** पीएम शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज जिले के समस्त 11 विकासखण्डों के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. बैठक को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल द्वारा प्री-बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन, वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने, यू-डाइस प्लस पोर्टल की जानकारी अद्यतन करने, बोर्ड परीक्षा की तैयारी, परीक्षा पे चर्चा में पंजीयन, सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की तैयारी, गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के आयोजन, एमपी टास्क एवं समेकित छात्रवृत्ति की प्रगति, समस्त संस्था प्रमुखों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा की लैब की स्थापना, विद्यालयों की अधोसंरचना संबंधी जानकारी, डीजीगो मद में प्राप्त राशि का शासन के निर्देशानुसार व्यय, ई-सेवा पुस्तिका का अद्यतन, 3.0 पोर्टल पर अवकाश लेखा तैयार करने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की.

## शैक्षणिक गुणवत्ता में हो सुधार

बैठक में एडीपीसी गिरीश शर्मा द्वारा यू-डाइस प्लस पोर्टल में प्रविष्ट की जाने वाली जानकारी की गहन समीक्षा करते हुए सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए. इस अवसर पर सहायक संचालक शिक्षा श्री पी.एल.मेश्राम, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नायक, जिला व्यावसायिक समन्वयक डॉ.साबिर फारुकी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे. बैठक का उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करना रहा.

## दो पालियों में आयोजित की गई बैठक

बैठक का आयोजन दो पालियों में किया गया. प्रथम पाली प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें अमरवाड़ा, बिछुआ, चौरई, परासिया एवं मोहखेड़ विकासखण्ड के प्राचार्य एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सम्मिलित हुए. द्वितीय पाली दोपहर 2:00 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें छिंदवाड़ा, जुन्नारदेव, तामिया, हर्रई, पांढुर्णा एवं सौंसर विकासखण्ड के प्राचार्य एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे.

## जमुनिया जेठू में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**छिंदवाड़ा.** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के शासकीय कलापथक दल के कलाकारों के द्वारा शासकीय हाई स्कूल जमुनिया जेठू में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को नशे की वस्तुओं से दूर रहने एवं बचने के उपाय बताए गए। साथ ही नशे से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं समस्त शासकीय कलापथक दल के कलाकारों का सहयोग रहा ।


**नवभारत**

**स्थान परिवर्तन सूचना**

**नवभारत कार्यालय का संचालन विगत 25 वर्षो से गांधीगज नई आबादी में स्थिति गुजराती समाज भवन छिंदवाड़ा से किया जा रहा था. लेकिन अब नवभारत कार्यायल का स्थान परिवर्तन किया गया है. वर्तमान में नवभारत कार्यालय का संचालन परासिया रोड आरोग्य हॉस्पिटल के पास वैभव साड़ी शोरूम के पीछे मंगलम् होटल के ऊपर किया जा रहा है.**

**संपर्क करे.**

**9424835746, 9425727280. 7067642572**



**मन स्पर्श माइंड केअर क्लिनिक**

**डॉ. तुषार ताल्हन**
M.B.B.S, M.D.
(NEURO-PSYCHIATRY)
एक्स रेसीडेंड लोकमान्य तिलक सायन हॉस्पिटल, मुंबई

मस्तिष्क, मनोरोग, सेक्स रोग, मिर्गी एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ

संपर्क करें- 8109790451

मिलने का समय
दोप. 2.30 से 5 बजे तक एवं शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध सुविधाएं
- नशामुक्ति (शराब, तंबाकू, अफीम, गांजा, भांग, चरस इत्यादि)
- सरदर्द माइग्रेन
- नींद की बीमारिया
- ईईजी जांच सुविधा
- बुद्धि की जांच
- डिप्रेशन, ओ.सी.डी.
- दौरे/मिर्गी की बीमारी
- सिजोफ्रेनिया
- बेवजह गुस्सा एवं व्यवहार की समस्याएं
- पारिवारिक/वैवाहिक कलह-परामर्श
- बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
- बायोफीडबैक रिलैक्सशन थैरेपी (बिना दवाईयों के स्ट्रेस हटाने की थैरेपी)

पता- सेंट्रल एवेन्यू कॉम्पलेक्स, पतंजली शोरूम बाजू में एचपी पेट्रोल पंप के सामने, परासिया रोड छिंदवाड़ा



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589